मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-400
19/08/2021

# महामहिम राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से की बातचीत

पटना, 19 अगस्त 2021 :– महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान से शिष्टाचार मुलाकात के पश्चात् राजभवन के बाहर पत्रकारों द्वारा प्रधानमंत्री से मुलाकात के संबंध में पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि कल शाम को खबर मिली कि सोमवार यानि 23 अगस्त को दिन में 11 बजे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से मिलने का समय मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से जातीय जनगणना को लेकर जो प्रतिनिधिमंडल मिलेगा उसकी सूची पत्र में ही भेज दी गई थी। भाजपा के लोग भी अपनी तरफ से नाम तय कर रहे हैं। अंतिम रुप से जो सूची बनेगी उसे प्रधानमंत्री कार्यालय को भेज दिया जाएगा। दिल्ली में होनेवाली मुलाकात में श्री तेजस्वी यादव जी के जाने के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री तेजस्वी यादव भी साथ जाएंगे। उन्होंने कहा कि मॉनसून सत्र के दौरान श्री तेजस्वी यादव के साथ विपक्ष के कई नेताओं ने मुझसे मुलाकात की थी और अपनी बातें रखी थीं। उनलोगों ने जातीय जनगणना कराने को लेकर प्रस्ताव रखा था, जिसपर हमने भी कहा था कि जातीय जनगणना होनी चाहिए। इसके बाद प्रधानमंत्री जी को पत्र भेजा गया और उनसे मिलने का समय मांगा गया। प्रधानमंत्री जी से मुलाकात का समय मिलने की जानकारी सभी को दे दी गई है।

राजभवन आने के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महामहिम राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात होती रहती है। वाइस चांसलर को लेकर विचार–विमर्श के लिए हम यहां आए थे।

राजद में खटास के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनका अंदरुनी मामला है। उस पर हमारी कोई प्रतिक्रिया नहीं है।

******